
हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, रविवार, 23 फरवरी 2025

13 जनजागरूकता लाने की मुहिम में अहम भूमिका ...



14 बदलते मौसम की मार, सरसों पर जलेबिया रोग का वार





## खबर संक्षेप

### केएम स्कूल में विश्व चिंतन दिवस मनाया

**भिवानी।** शनिवार को विश्व चिंतन दिवस के उपलक्ष्य पर विद्यालय के स्काउट दल एवं गाइड कंपनी द्वारा विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया। जिसके अंतर्गत स्काउट तुषार तथा गाइड खुशबू ने स्काउट आंदोलन पर अपने विचार प्रस्तुत किए। गाइड कैप्टन लक्ष्मी अरोड़ा ने स्काउट एवं गाइड को प्रवेश से लेकर राष्ट्रपति पुरस्कार तक के प्रशिक्षण के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर यूनिट लीडर हरीश शर्मा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद स्काउट एवं गाइड का दीक्षा संस्कार किया जाता है। प्राचार्या रेणु सैनी ने कक्षा सातवीं तथा आठवीं के 15 स्काउट एवं गाइड को सदस्यता बैज प्रदान किया।

### केवाईसी सुविधा वेबसाइट पर उपलब्ध : उपायुक्त

**भिवानी।** उपायुक्त कम जिला निर्वाचन अधिकारी महावीर कौशिक ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा द्वारा राज्य के मतदाताओं की सहूलियत के लिए आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर विभिन्न सेवाएं शुरू की गई है। इन्हीं में से एक है, केवाईसी (नो योर कैंडिडेट) यानि अपने कैन्डीडेट की पूरी जानकारी दी गई है। जिसके जरिए मतदाता अपने सम्बंधित निकाय क्षेत्र के उम्मीदवारों के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### अज्ञान वाहन की टक्कर से रिक्शा सवार एक की मौत

**जींद।** गांव बीबीपुर के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से रिक्शा सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सदर थाना पुलिस ने मामले की जांच कर रही है। बावरी गेट भिवानी निवासी कन्हैया

### कार की चपेट में आने से एक युवक घायल

**कैथल।** कैथल के हनुमान वाटिका के निकट कार की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। फ्रेंड्स कॉलोनी कैथल के रामनिवास ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसका बेटा दीपक जब 16 फरवरी को हनुमान वाटिका के निकट से गुजर रहा था तो एक अज्ञात व्यक्ति ने अपनी गाड़ी को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उसे चपेट में लेकर घायल कर दिया।

### पिस्तौल-जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने हांसी रोड बाईपास पर एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि हांसी रोड बाईपास पर युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है।

### सरकारी स्कूल से छह क्विंटल गेहूं चोरी, केस

**जींद।** गांव अलेवा सरकारी स्कूल में बीती रात चोरों ने मिड-डे मील राशन के कमरे की दीवार में सेंधमारी कर छह क्विंटल गेहूं को चोरी कर लिया। अलेवा के सरकारी स्कूल के रामकरण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने मिड-डे मिल कमरे में सेंधमारी सामान चुरा लिया।

## लड़कों में प्रिंस व लड़कियों में वंशिका बने बेस्ट एथलीट

# फर्राटा दौड़ में लड़कों में अजय व लड़कियों में भूमिका प्रथम

महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय की 51वीं वार्षिक एथलेटिक्स मीट का समापन



**भिवानी।** विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि



**भिवानी।** महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय की एथलेटिक्स मीट की दौड़ स्पर्धा में दौड़ते खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को 51वीं वार्षिक एथलेटिक्स मीट का समापन हुआ। एथलेटिक्स मीट का उद्घाटन अंतरराष्ट्रीय एथलीट एवं महाविद्यालय की पूर्व छात्रा सीमा कालीरमण ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. मनजीत सिंह ने मुख्यतिथि का आभार जताया। एथलीट मीट में लड़कों के वर्ग में प्रिंस व लड़कियों में वंशिका बेस्ट एथलीट चुने गए।

समापन पर रिटायर्ड प्राचार्य डॉ. दलबीर सिंह गोदारा ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. मितेश शर्मा, प्राध्यापक डॉ. वजीरसिंह व डॉ. कपिल शर्मा ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. कविता शर्मा, पूनम जोगपाल एवं सुदेश कुमारी ने मंच संचालन किया। एथलीट मीट की फर्राटा दौड़ (100 मीटर रेस) के लड़कों के वर्ग में अजय व लड़कियों में भूमिका ने प्रथम स्थान जीता। वहीं 200 मीटर दौड़ में लड़कों में अजय व लड़कियों में अंजू ने प्रथम स्थान हासिल किया। एथलीट मीट में लड़कों में प्रिंस व लड़कियों में वंशिका बेस्ट एथलीट चुनी गई। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. रणधीर सिंह रोहिला, विरेंद्र फोगाट, अदम्यवीर डागर, जगबीर श्योराण, भीमसिंह, आनंद प्रकाश, हरिओम शर्मा, जसमिंद्र सिंह, रणधीर सामोता, दिनेश शर्मा, आनंद कुमार, धर्मवीर जाखड, पंकज शर्मा आदि मौजूद रहे।

### ये रहा परिणाम

महाविद्यालय प्रेस प्रभारी डॉ. जगवीर सिंह मान ने बताया कि लड़कों की 400 मीटर रेस में प्रिंस, देवांश व अजय, 800 मीटर दौड़ में जयसिंह, प्रिंस व अजय, 1500 मीटर दौड़ में प्रिंस, विरेंद्र व जयसिंह, पांच हजार मीटर दौड़ में विरेंद्र, जयसिंह व प्रिंस क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। वहीं लांग जम्प में भूपेश, साहिल व अजय, हाई जम्प में कमलजीत, भूपेश व साहिल, शॉटपुट में सुमित, दीपांशु व राहुल, डिस्कस थ्रो में दीपांशु, अमन व राहुल क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान जीता। मान ने बताया कि लड़कियों की 400 मीटर दौड़ में अंजू, वंशिका व तारा, लांग जम्प में भूमिका, वंशिका व अंजू, हाई जम्प में वंशिका, भूमिका व जयवंती, शॉटपुट में पलक, वंशिका व आशु, डिस्कस थ्रो में पलक, वंशिका व भूमिका, जैवलिन थ्रो में पलक, वंशिका व भूमिका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीया स्थान हासिल किया।

### राज्य स्तरीय नेटबॉल मिक्सड़ इवेंट में रोहतक ने सोनीपत को 22-11 के अंतर से हराया




**भिवानी।** अतिथियों के साथ विजेता टीम।

**भिवानी।** गांव कलिंगा के श्रीबालाजी स्कूल में करवाई गई लड़के व लड़कियों की तीन दिवसीय राज्य स्तरीय चैंपियनशिप का शनिवार को समापन हुआ। चैंपियनशिप के तहत तीन नेटबॉल के तीन इवेंट करवाए गए, जिसमें 17वीं जूनियर राज्य स्तरीय ट्रेडिशनल नेटबॉल, तीसरी जूनियर राज्य स्तरीय फास्ट फाइव नेटबॉल तथा प्रथम जूनियर राज्य स्तरीय मिक्सड नेटबॉल प्रतियोगिताएं करवाई गई। सभी इवेंटों में प्रतिभागियों ने शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन पर बतौर मुख्यतिथि स्कूल की संचालिका रेणुका शर्मा ने शिरकत की तथा विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन की महासचिव बबीता दहिया ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन पर 17वीं जूनियर राज्य स्तरीय ट्रेडिशनल इवेंट में सोनीपत ने कैथल को 38-37 के अंतर से हराया। रोहतक को 32-29 के अंतर से हराकर भिवानी की टीम तीसरे स्थान पर रही। वही लड़कियों में सोनीपत ने रोहतक को 35-29 के अंतर से हराया तथा कैथल को 29-24 के अंतर से हराकर भिवानी की टीम तृतीय रही। उन्होंने बताया कि तीसरी जूनियर राज्य स्तरीय फास्ट फाइव के लड़कों के वर्ग में सोनीपत ने भिवानी को 25-20 के अंतर से हराया। वहीं लड़कियों के वर्ग में सोनीपत ने रोहतक को 19-9 के अंतर से हराया। वहीं जूनियर राज्य स्तरीय मिक्सड इवेंट में रोहतक ने सोनीपत को 22-11 के अंतर से हराया।

## नन्हे-मुन्ने बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आदर्श पुनर्वास स्कूल में एलकेजी, यूकेजी के नन्हे मुन्ने बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया संस्था निदेशक श्री राजेश श्योराण ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता केवल एक मनोरंजन कार्यक्रम नहीं है बल्कि बच्चों की रचनात्मक आत्मविश्वास अभिनय क्षमता को बढ़ाने का एक सुंदर अवसर है यह प्रतियोगिता केवल आकर्षक वेशभूषा पहनने तक ही सीमित नहीं है बल्कि कौशल कल्पना शक्ति और नए विचारों और दृष्टिकोण को अपने में मदद करता है विद्यालय में समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन करवाए जाते हैं जिससे विद्यार्थियों का चहुमुखी विकास होता है कार्यक्रम में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ आत्मविश्वास का परिचय देते हुए सामाजिक संदेश दिए।

प्रिंसिपल अनीता वर्मा ने बताया कि विभिन्न प्रतियोगिता में नर्सरी कक्षा के हिमांक उर्वशी निखिल नीरज व ओवी ने विभिन्न प्रकार की सब्जियों का परिचय दिया तथा एलकेजी के परी देव तनीषा तथा यूकेजी के पुर्द्युमन भव्य जश्न ने अपना परिचय दिया । वन की चर्चा के बारे में गिरीश ने मोर ईशा, तोता, गौरव शेर, ग्रेसी बिल्ली, दीपेश हाथी ,सूर्यांश चिता, प्रिंस बंदर, देव ने खरगोश, बनकर अपना परिचय दिया तथा कक्षा दूसरी में वंश पुलिस देव आईपीएस सवी डॉक्टर रिया दुकानदार नैतिक दूध वाला अन्वी डांसर कबीर न्यायाधीश उर्वशी डॉक्टर हर्षिता अध्यापक बनाकर अपना परिचय दिया कक्षा तीसरी के गगन ने भगत सिंह, आदित्य बाल गंगाधर तिलक, रौनक सुभाष चंद्र बोस ,ईशान जवाहरलाल नेहरू, सौरव मंगल पांडे, परमीत चंद्रशेखर, आजाद वंश एपीजे अब्दुल कलाम, कान्हा राजा कृष्ण देव राय, नैनसु बी आर अंबेडकर, संवि रानी लक्ष्मीबाई परी सावित्रीबाई फुले ,पायल अरुणा आसफ अली दिया रानी चेन्नम्मा, भाविका बेगम हजरत महल, मनीष स्वामी विवेकानंद गुंजन, रजिया सुल्तान हंसिका ने महात्मा गांधी बनाकर परिचय दिया। इस अवसर पर प्रिन्सिपल शारदा शर्मा डॉक्टर हरिकिशन शर्मा रिंकू कुमार मोहम्मद नसीम विनोद संदीप प्रियंका ममता सरोज प्रीति रितु सीमा नेगी पूनम गीता मोनिका शशि सुनैना नीतू बंसल आदि उपस्थित रहे।

## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पालुवास में मनाया विश्व चिंतन दिवस

- स्व. बेडन पॉवेल और लेडी पॉवेल को पुष्पांजलि अर्पित करके की




**भिवानी।** कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुती देते प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पालुवास में विश्व चिंतन दिवस मनाया गया । कार्यक्रम की शुरुआत भारत स्काउट एवं गाइड के संस्थापक स्व. बेडन पॉवेल और लेडी पॉवेल को पुष्पांजलि अर्पित करके की गई।

इसके बाद सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया ।'पर्यावरण बचाओ' विषय संबन्धित गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। विद्यालय प्राचार्य मोहिंदर सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए चिंतन दिवस का महत्व समझाया और पर्यावरण को बचाने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। बच्चों के लिए अन्य स्काउट गाइड/ कब-बुलबुल की गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। बच्चों ने सभी गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर भाग लिया।अंत में मुख्याध्यापक प्रभात शर्मा ने मीठाई वितरित करके कार्यक्रम का समापन किया।

इस अवसर पर विद्यालय के स्काउट – गाइड विभाग के प्रशिक्षक पल्लवी,पूजा, प्रेमनारायण,प्रियंका ,विजय इत्यादि ने सभी गतिविधियों का सफलता पूर्वक आयोजन किया।

## एयरक्राफ्ट प्रदर्शन ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





जी.डी. पब्लिक स्कूल भिवानी में एयर शो फ्लाई हाई विद जी.डी. गोयंका का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें रोमांचक एयरक्राफ्ट प्रदर्शन, हैक्साकॉप्टर से फूलों की वर्षा और हवाई करतब ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्निवल परेड और आकर्षक उद्घाटन नृत्य से हुई, जिसके बाद हेलीकॉप्टर फ्लाईपास्ट, चंद्रयान फ्लाई, और एयरक्राफ्ट बैनर टोइंग ने कार्यक्रम को और शानदार बना दिया। इसके अलावा, एयरक्राफ्ट ऐरोबेटिक्स ने सभी को रोमांचित कर दिया।

इस शो का एक खास आकर्षण छात्रों द्वारा प्रस्तुत स्वत: निर्मित स्टीम लैब प्रोजेक्ट्स रहे , जिसमें उन्होंने अपने वैज्ञानिक और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। छात्रों ने अभिभावकों और अतिथियों को अपने नवाचार और परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी, जिसे सभी ने खूब सराहा। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि रिटायर्ड ग्रुप कैप्टन गिरीराज सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा, स्कूल चेयरमैन मदनलाल वैद, सतीश वैद, मनीष वैद, एवं प्रधानाचार्या गरिमा सावलानी ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों में दीवान चंद रहेजा , विमलेश आर्य, प्रमिला सुहाग, राम अवतार शर्मा, सुनील सराफ, नरेश बंसल, नरेंद्र शर्मा, सुमित कुमार, अशोक बंसल और सुवीरा गर्ग मौजूद रहे। समारोह के दौरान पुरस्कार वितरण और अतिथि सम्मान का आयोजन किया गया। अंत में, स्कूल प्रशासन ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम छात्रों के लिए एक अद्वितीय अनुभव साबित हुआ, जिसमें उन्होंने विज्ञान, तकनीक और विमानन क्षेत्र की अद्भुत झलक देखी।

## ट्रांसफर न बने स्कूल बंदीकरण का औजार: शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** अध्यापकों से मुलाकात करते अध्यापक संघ के सदस्य।

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबंधित सर्व कर्मचारी संघ एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया खंड बौंदकलां की टीम ने शनिवार को खंड प्रधान तनवीर सिंह के नेतृत्व में विभिन्न स्कूलों का दौरा किया। इस दौरान जिला सचिव कृष्ण सिंह शास्त्री ने कहा कि प्रदेश सरकार जिस ऑनलाइन स्थानातंरण नीति को लागू कर बहुत बड़ी उपलब्धि मान रही है, वास्तव में धरातल पर वह पूर्णतः फेल ही रही है। बिना सिफारिश एवं बिना रिश्वत स्थानातंरण होने चाहिए, इसमें कोई असहमति नहीं है। स्थानातंरण प्रक्रिया में छात्र-विद्यालय एवं शिक्षक का ध्यान नहीं रखा जाता जो ये नीति पूर्णतया फेल है।

स्थानांतरण में पारदर्शिता के नाम पर जो ऑनलाइन सिस्टम बनाया गया है, उससे बहस की नई समस्याएं खड़ी हो गई है। इस स्थिति पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। ऑनलाइन या ऑफलाइन विचार करने का विषय नहीं है, बल्कि स्थानांतरण नीति के सिद्धांत पर चर्चा होनी चाहिए।

इसके दो ही आधार हो सकते हैं (क) छात्रों के लिए शिक्षकों की उपलब्धता (ख) अध्यापक की सुविधा व प्रतिवेदन।

तबादले नीति के अनुसार नहीं होने के कारण सैंकड़ों विद्यालय, शिक्षक विहीन व हजारों विद्यालय एकल अध्यापक के सहारे हैं। जिला कोषाध्यक्ष मुख्य अध्यापक रविंद्र ने कहा कि सामान्य तबादलों से पूर्व सभी विषयों व वर्गों की पदोन्नति सूचियां जारी की जाएं, पदों के वैज्ञानिकीकरण की सूची सार्वजनिक की जाए।

2023 की टीचर्स ट्रांसफर नीति के तहत पहली बार तबादले हो रहे हैं, अतः सभी शर्तों में ढील देते हुए पीएमश्री, मॉडल संस्कृति, तथा आरोही स्कूलों के शिक्षकों सहित सभी शिक्षकों को ड्राइव में भाग लेने का मौका दिया जाए।

## सरकार के आदेशों की उड़ रही हैं धज्जियां, 2 साल से नहीं बढ़ी सेलरी

- कर्मियों में फूटा गुस्सा, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा राज्य में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत शिक्षा विभाग में कार्यरत्त लेखा कार्यकारी, कार्यक्रम कार्यकारी कर्मियों की वार्षिक वेतन वृद्धि पिछले दो साल से जान-बूझकर शिक्षा विभाग के निदेशक द्वारा रोक दी गई है, ये कर्मचारी तदर्थ आधार पर राज्यभर में बीईओ व डीईईओ दफ्तरों में कार्यरत्त है। सरकार के आदेश जारी होने उपरांत भी शिक्षा विभाग ने नियमों के विरूद्ध जाकर पिछले 11 सालों में इन्हें पीएफ का लाभ नहीं दिया, ये बात हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुकेश कुमार ने कही।

उन्होंने कहा कि जब इन कर्मियों ने अपने हक की आवाज उठाई तो 2023 से इनकी वार्षिक वेतन वृद्धि पर भी पर रोक लगा दी। शिक्षा विभाग के निदेशक खुलेआम सरकार के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे है और सरकार मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रही है। गत दिवस मिनी सचिवालय स्थित डीईओ कार्यालय में मिनिस्ट्रीयल स्टाफ की मीटिंग में लेखा कार्यकारी व कार्यक्रम कार्यकारी ने अपनी बात पदाधिकारियों के सामने रखी। उन्होंने बताया कि हमारी भर्ती 2012 में शिक्षा विभाग द्वारा लिखित परीखा लेकर की गई थी, लेखा कार्यकारी के लिए बीकॉम, कार्यक्रम कार्यकारी के लिए बीसीए की योग्यता है। उन्होंने कहा कि न हमें समान काम-समान वेतन मिल रहा, न कोई सुरक्षा की गारंटी, उल्टा वार्षिक वेतनवृद्धि के भी लाले पड़ गए है, आखिर वे किसका दरवाजा खटखटाए। शिक्षा विभाग में दिन-रात काम करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सरकार द्वारा 2014 में इन्हें पीएफ देने का पत्र जारी किया था, लेकिन शिक्षा सदन में विराजमान अफसरशाही ने रोक ही लगा दी।

## म्यूजिकल चेयर स्पर्धा में वासु प्रथम

- यदुवंशी शिक्षा निकेतन में प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** शिक्षकों के साथ विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

मंदौला स्थित यदुवंशी शिक्षा निकेतन में साप्ताहिक गतिविधियों के अंतर्गत कक्षा नर्सरी से पहली कक्षा तक के बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया। बच्चों में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिली। प्रतियोगिता में वासु ने प्रथम और रुद्र ने स्थान प्राप्त किया।

एलकेजी से भावदीप, आरव और जियांस विजेता रहे। कार्यक्रम का संचालन हैड सुनीता की देखरेख में किया गया। विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र यादव और डीन नौरंग लाल ने विजेता छात्रों को पुरस्कृत कर शुभकामनाएं दीं।

प्राचार्य नरेंद्र यादव ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं और उनके शारीरिक तथा मानसिक विकास में सहायक होती हैं। खेल के माध्यम से बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और टीम भावना विकसित होती है, जो उनके संपूर्ण व्यक्तित्व विकास में सहायक है। डीन नौरंग लाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में शामिल कर उनके बहुमुखी विकास को बढ़ावा देना है।

## स्काउट्स एंड गाइड्स ने स्वच्छता अभियान किया शुरू

# स्काउट के जनक लार्ड बेडेन पावेल को किया नमन

- लार्ड बेडेन पावेल के योगदान को जन-जन तक पहुंचाना चिंतन दिवस का उद्देश्य : ग्रुप लीडर सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** स्काउट के जनक लार्ड बेडेन पावेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते ग्रुप लीडर सागर व अन्य। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा राज्य भारत स्काउट गाइड के सचिव के निर्देशानुसार स्काउट के जनक लार्ड बेडेन पावेल की जयंती शनिवार को हरियाणा राज्य भारत स्काउट गाइड की शाखा चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप कार्यालय में चिंतन दिवस के रूप में मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रुप कोर्डिनेटर लक्ष्मण गौड़ ने की तथा मंच का संचालन असिस्टेंट ग्रुप लीडर अमित कुमार व श्रीमहावीर जैन स्कूल की प्राचार्य एवं गाइड एवं रेंजर कैप्टन पुष्पा देवी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत स्काउट के जनक लार्ड बेडेन पावेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके हुई। इसके उपरांत सभी ने कार्यालय में पौधरोपण किया व सफाई अभियान चलाया।

इस मौके पर चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप के ग्रुप कोर्डिनेटर लक्ष्मण गौड़ व ग्रुप लीडर सागर ने बताया कि लार्ड बेडेन पावेल की जयंती पर दो दिवसीय स्वच्छता अभियान का आगाज किया गया, जिसके तहत स्वच्छता अभियान चलाया तथा पौधा रोपित किया, ताकि लोगों को स्वच्छ वातावरण के बारे जागरूक किया जा सकें। उन्होंने कहा कि स्काउट आंदोलन के जनक लार्ड बेडेन पावेल की जयंती 22 फरवरी को मनाई जाती है। जयंती मनाने का उद्देश्य स्काउट के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि रॉबर्ट स्टीफेंसन स्माइथ बेडेन पावेल का जन्म 22 फरवरी 1857 को हुआ था, वे एक ब्रिटिश सेना अधिकारी थे, लेकिन उनकी असली पहचान स्काउटिंग आंदोलन के संस्थापक के रूप में है। उन्होंने 1907 में पहला स्काउट शिविर लगाया, जिससे विश्व स्काउट आंदोलन की शुरुआत हुई। पावेल की जयंती को विश्व स्काउट दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस दिन दुनियाभर के स्काउट्स उनके योगदान को याद करते है।

इस मौके पर असिस्टेंट ग्रुप लीडर अंकित, सीनियर ओवर नितेश कुमार, हर्ष कुमार, हिमांशु भाटी, पुनीत, विजय, वंश, ध्रुव अग्रवाल व पार्थ अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### समन्वयता में विस्तार व्याख्यान आयोजित

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी में प्राचार्य प्रो. त्रिलोक चंद के निर्देशन में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में काउंसलर डॉ. ज्योति व प्रो. अजीत कुमार की समन्वयता में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें सामान्य अस्पताल, भिवानी से स्त्री रोग विशेषज्ञा डॉ. सुनीता सांगवान ने भाग लिया। उन्होंने छात्राओं को एचआईवी एड्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने एचआईवी होने के कारणों एवं उसके निवारण के साथ-साथ इससे बचाव के उपाय भी बताए। इसके बाद डॉ. सुनीता ने मेन्सटरल हाइजीन के बारे में भी विस्तार से बताया। इस विषय पर उन्होंने माहवारी संबंधित विकारों की विस्तार से चर्चा की और छात्राओं की शंकाओं का निदान किया। उन्होंने छात्रों को संतुलित आहार और आवश्यक दवाओं के बारे में भी जानकारी दी।

### सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर शुरू

**लोहारू।** सावित्रीबाई फुले राजकीय महिला महाविद्यालय में शनिवार से सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर की शुरूआत की गई। जिसका शुभारंभ प्राचार्य डॉ विचित्र सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं छात्राओं ने एनएसएस गीत का मंचन किया। प्राचार्य डॉ विचित्र सिंह ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से शिविरार्थियों में राष्ट्र के प्रति समर्पण और सेवा भाव का विकास होता है। राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में राष्ट्रभक्ति का संचार करती है। उन्होंने कहा कि एनएसएस के माध्यम से हम निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा कर एक महान व्यक्तित्व का निर्माण कर सकते हैं। एनएसएस प्रभारी डॉक्टर निशा कुमारी ने स्वयं सेविकाओं को एनएसएस का इतिहास और उसकी जीवन में उपयोगिता के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छात्राओं के सर्वांगीण विकास में एनएसएस का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है।

### जल संरक्षण जागरूकता रैली का आयोजित

**भिवानी।** संत निरंकारी मिशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प को साकार करने के लिए 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के तृतीय चरण का भव्य शुभारंभ 23 फरवरी को परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित के पावन आशीर्वाद से भिवानी जिले के अंतर्गत तोशाम में जल संरक्षण जागरूकता रैली का आयोजन प्रातः 8:30 बजे से 10 बजे तक किया जाएगा। जो कि चौधरी बंसीलाल चौक से शुरु होकर चौधरी सुरेंद्र सिंह चौक पर सम्पन्न होगी। रैली को खंड विकास पंचायत अधिकारी तोशाम विनोद कुमार हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि भावी पीढ़ियों को निर्मल जल और स्वस्थ पर्यावरण का वरदान प्राप्त हो सके। 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'प्रोजेक्ट अमृत' का शुभारंभ किया था।

वैश्य महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर

# जनजागरूकता लाने की मुहिम में अहम भूमिका निभाएं स्वयंसेवक: कौशिक

युवा पीढ़ी को चाहिए कि वे नशे से दूर रहकर राष्ट्रहित के लिए नशे, स्वच्छता व अन्य जनसेवी मुद्दों को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाए।

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हनुमान ढाणी स्थित हनुमान मंदिर में चल रहे वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एन एस एस ईकाई -1 के द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के पांचवें दिन हुआ पुरानी और नवीन पीढ़ीः मतभेद और समाधान विषय पर परिचर्चा, नशा मुक्तिः संकल्प से सिद्धि तक विषय पर विस्तार व्याख्यान, जुंबा पद्वति द्वारा योगा अभ्यास,नृत्य प्रतियोगिता, सिलाई मशीन प्रशिक्षण, डिजिटल माध्यम से खेल खेल में शिक्षा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन। युवा पीढ़ी को चाहिए कि वो नशे से दूर रहकर राष्ट्रहित के लिए नशे, स्वच्छता व अन्य जनसेवी मुद्दों को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाए।

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक इस मुहिम में अहम भूमिका निभा सकता हैं यह बात हनुमान ढाणी स्थित हनुमान मंदिर में चल रहे वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एन एस एस ईकाई -1 के द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल के नेतृत्व एवं महाविद्यालय की एन एस एस ईकाई-1की प्रभारी डॉ. कामना कौशिक की देख रेख में आयोजित सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के पांचवें दिन मुख्य अतिथि भिवानी के उपायुक्त महावीर कौशिक ने कही। उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि उन्होंने अपने करियर की शुरुआत शिक्षक के रूप में की थी, इसलिए आज वैश्य महाविद्यालय के करके में आकर बड़ी आत्मीयता सी महसूस हुई। उन्होंने कहा युवा वर्ग को सामाजिक ताने बाने को तोड़ती जाति पाती की भावना को खत्म करने का संदेश जन जन तक पहुँचाना चाहिए।



**भिवानी।** कार्यक्रम में उपायुक्त को स्मृति चिंह देकर सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### नई शिक्षा प्रणाली ज्यादा प्रभावी

पुरानी और नवीन पीढ़ी मतभेद और समाधान विषय पर परिचर्चा करते हुएं मुख्य वक्ता डॉ अंजु राजन, डॉ वंदना वत्स, डॉ पूनम वर्मा ने कहा कि नई शिक्षा, सभ्यता, सामाजिक व्यवस्था से प्रभावित वर्तमान पीढ़ी पिछली पीढ़ी के जमाने के स्वभाव, संस्कारों से सर्वथा भिन्न है। नई विचार धारा पुराने जमाने की विचार धारा से बहुत कुछ भिन्न है। इससे पुरानी और नई पीढ़ी में आज जमीन आसमान का अन्तर पड़ गया है। स्कूल, कालेजों से निकलने वाले शिक्षित युवक-युवतियां, नवीन सभ्यता से प्रभावित नयी पीढ़ी और पुरानी परम्परा, विचार धारा संस्कारों से ओत-प्रोत पुरानी पीढ़ी-दोनों में एक संघर्ष, खींचातानी-सी आज चल रही है और परस्पर एक दूसरे से असन्तुष्ट परेशान हैं।

### गीत से कार्यक्रम की शुरूआत

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्र के कल्याण के लिए युवा वर्ग की एक अच्छी टीम तैयार करके श्रेष्ठ नागरिक तैयार करने में लगी हुई है। आज शिविर के पांचवें दिन शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि भिवानी के उपायुक्त महावीर कौशिक,वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल, डॉ अंजु राजन, डॉ वंदना वत्स, डॉ पूनम वर्मा, महाविद्यालय की एन एस एस ईकाई-1की प्रभारी डॉ. कामना कौशिक, राष्ट्रपति अवॉर्डी समाजसेवी अशोक भारद्वाज, ललित शर्मा एवं कार्यालय अधीक्षक कमल भारद्वाज द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। स्वयंसेवकों द्वारा एन.एस.एस. का गीत गाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। शिविर में आज मुख्य रूप से जिला आयुष विभाग की योग प्रशिक्षक एवं कायाकल्प योगा सेंटर के विद्यार्थियों द्वारा जुंबा पद्वति द्वारा योगा अभ्यास, डॉ अंजु राजन, डॉ वंदना वत्स, डॉ पूनम वर्मा, के नेतृत्व में /"पुरानी और नवीन पीढ़ीः मतभेद और समाधान/" विषय पर परिचर्चा,राष्ट्रपति अवॉर्डी समाजसेवी अशोक भारद्वाज द्वारा नशा मुक्तिः संकल्प से सिद्धि तक विषय पर विस्तार व्याख्यान,नृत्य प्रतियोगिता, सिलाई मशीन प्रशिक्षण, डिजिटल माध्यम से खेल खेल में शिक्षा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# भरोसे के 22 दिन बीते कर्मचारियों के हाथ रिते

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

- अफसरों की टेबल पर 18 माह से धूल फांक रही कर्मचारियों की फाइलें


कर्मचारी नेता संदीप सांगवान।

लंबित मांगों को लेकर शिक्षा विभाग की अतिरिक्त निदेशक के साथ सर्व कर्मचारी संघ से संबंद्ध हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन की सहमति होने के 22 दिन बीत गए,लेकिन अधिकारी द्वारा दिलाए गए भरोसे पर कार्रवाई एक कदम भी नहीं चली। यहां तक कि 30 जनवरी को हुई मीटिंग में यह भी आश्वासन दिलाया गया था कि एक सप्ताह के भीतर विभाग के निदेशक से बातचीत भी करवाई जाएगी,लेकिन बातचीत को 22 दिन का अरसा बीत गया,लेकिन न तो वह भरोसा एक कदम आगे बढ़ा और न ही उन निदेशक से कोई बातचीत हुई। हालात ये बने है कि जिस जगह पर कर्मचारियों की मांग अटकी थी। आज भी उसी जगह पर फाइलें धूल फांक रही है। सर्व कर्मचारी संघ से संबंद्ध हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन राज्य कमेटी के प्रांतीय प्रधान संदीप सांगवान ने बताया कि उस वक्त अधिकारियों ने अति शीघ्र उनकी मांगों को पूरा करवाए जाने का आश्वासन भी दिया। पर आज स्थिति उलट बनी हुई है। जिसको लेकर कर्मचारियों में जबरदस्त रोष व्याप्त है।

### धूल फांक रही है फाइलें

शिक्षा विभाग में लगभग 50 प्रतिशत पदोन्नति के पद खाली पड़े है तथा पदोन्नति फाईल पिछले 18 माह से अफसरशाही की टेबल पर धूल फांक रही है। कर्मियो को मजबूरन सेवानिवृत्त होना पड़ रहा है। जबरन ऑनलाईन टीचर ट्रांसफर पॉलिसी थौंपकर क्लर्को को दूर-दराज बदलकर घर से बेघर कर दिया। ना ही कोई ट्रांसफर पॉलिसी की समीक्षा, ना ही स्थानांतरण, ना ही वर्कलोड अनुसार नए पद स्वीकृत किए जा रहे है। राज्य की मीटिंग में निर्णय लिया गया कि शिक्षा सदन में विराजमान अफसरशाही फील्ड मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मियों की मांगों का कोई समाधान नहीं कर रही।

### आंदोलन का फूंका बिगुल

अपनी वाजिब मांगों को लागू करवाने के लिए डायरेक्टर दफ्तर पर निरंतर आंदोलन चलाए जाने का फैसला लिया है। आंदोलन के प्रथम चरण में 16 अप्रैल को अंबाला, पंचकूला, कैथल, कुरूक्षेत्र, यमुनानगर, 15 मई रोहतक, सोनीपत, पानीपत, दादरी, झज्जर, करनाल, 18 जून को हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, भिवानी, जींद, 23 जुलाई को गुडगांव, फरीदाबाद, पलवल, नूह, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ के कर्मचारी डायरेक्टर दफ्तर पंचकूला पर आक्रोश प्रदर्शन करेंगे। जिसकी व्यापक तैयारियों को लेकर राज्य भर में ब्लॉक व जिला स्तर पर विस्तारित मीटिंग की जाएंगी। इस अवसर पर उदयभान यादव, बलबीर कुम्हारिया, राजेश लांबा, मुकेश खरब, सावित्री, सुमन, अनिता रानी, सतीश वर्मा, राजेंद्र सिंह, विजेंद्र पाल, बलजीत खरब, कमलकांत सहरावत, अनिल सिंगला, सुजान मालड़ा, अनिल यादव, भूपेंद्र शर्मा, लखवीर तंवर, अरविंद चौहान, सदाराम, विजय लांबा आदि मौजूद रहे।

# वूमैन हैल्पिंग सोसायटी ने युवतियों व महिलाओं को बांटे सैनेटरी पैड

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

वूमैन हैल्पिंग सोसायटी की संचालिका एवं प्रधान सुशीला देवीसिंह ने कहा कि समय के साथ हमने बहुत तरक्की की है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में आज भी युवतियों व महिलाओं में जागरूकता का अभाव है। इसी जागरूकता के अभाव के कारण वे मासिक धर्म के दौरान खासी लापरवाही बरती है तथा जब यह लापरवाही अधिक बढ़ जाती है तो वह बीमारी का रूप भी ले सकती है। युवतियों व महिलाओं को इस बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से वूमैन हैल्पिंग सोसायटी विशेष अभियान चलाए हुए है। गांव कुंगड़ में लगाए कैंप के दौरान सोसाइटी ने स्टॉल लगाकर युवतियों व महिलाओं को सैनेटरी पैड वितरित किए। गौरतलब हैं कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के नेतृत्व में गांव कुंगड में कैंप का आयोजन किया। कैंप में युवतियों व महिलाओं को सैनेटरी पैड के बारे जागरूक करने के उद्देश्य से सोसायटी ने स्टॉल लगाई तथा सैनेटरी पैड वितरित किए। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा महिला हित में चलाई जा रही है।


**भिवानी।** महिलाओं व युवतियों को सेनेटरी पैड वितरित करती वूमैन हैल्पिंग सोसायटी की सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

# विज्ञान प्रदर्शनी में कशिश का मॉडल रहा प्रथम

- राजकीय वमा विद्यालय पालुवास में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

राजकीय वमा विद्यालय पालुवास के मीडिल ब्रांच में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया। विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने सरस्वती मां की प्रतिमा पर फूल अर्पित करके किया। प्रदर्शनी का आयोजन विज्ञान अध्यापक संदीप वधवा व सुरेंद्र तंवर की देखरेख में हुआ। प्रदर्शनी के बारे में अध्यापक वधवा ने बताया कि आज कक्षा छठी से आठवीं तक के लगभग 50 बाल वैज्ञानियों ने अपनी विचारधारा को विभिन्न मॉडलों के माध्यम से दर्शाया। उन्होंने बताया कि बाल विज्ञानियों ने अपने मॉडलों में भूकंप मापी यंत्र, हाइड्रोब्रिज, चंद्रयान, हृदय की कार्य विधि, फेफड़ों की कार्य विधि ,विद्युत घंटी, मानव कान की कार्यविधि, बढ़ते प्रदूषण को कंट्रोल करने का तरीका,सूक्ष्मदर्शी, डीएनए मॉडल आदि देखकर अध्यापक भी दंग रह गए। प्राचार्य राजकुमार ने मॉडल देखकर कहा कि इन मॉडलों को बच्चों ने जिस तरह से बनाया है, उससे हमारे भारत का भविष्य वैज्ञानिक युग को दर्शा रहा है कि आने वाले दिनों में भारत और विज्ञान में उन्नति करेगा। प्रदर्शनी में जज की भूमिका प्रवक्ता दयाचंद फौगाट ने निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कशिश, द्वितीय दीपसिंह और ज्योति ने तृतीय प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर अध्यापक वधवा ने कहा कि हमारे विद्यालय के बच्चे न केवल विज्ञान को रुचि लेकर पढ़ते हैं, बल्कि उनके मन में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा भी बनी रहती है। प्रदर्शनी को सफल बनाने में अध्यापक संजय मुद्गगिल, मनजीत, कृष्ण यादव, रमेश, प्रेमलता, रेखा, बबीता, सुनीता, शकुंतला व नीलम का विशेष योगदान रहा।


**भिवानी।** विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल का अवलोकन करते शिक्षक। *फोटो: हरिभूमि*

# युवाओं को नशे से दूर रहने की दी प्रेरणा

- महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग को अपनाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

शनिवार को आर्य समाज चरखी दादरी के वार्षिक उत्सव का भव्यतापूर्ण प्रारंभ वरिष्ठ अधिवक्ता कर्मवीर सिंह छिकारा की अध्यक्षता में हुआ। सर्वप्रथम आर्य हिन्दी संस्कृत महाविद्यालय गुरुकुल के आचार्य प्रवीण योगी ने वैदिक मंत्रों से यज्ञ करवाया और यजमानों ने श्रद्धापूर्वक आहुतियां डाली। गुरुकुल महाविद्यालय पुष्पावती पूठ, गढ़मुक्तेश्वर के संचालक स्वामी अखिलानंद सरस्वती ने अपने उद्बोधन में जन्म मरण के बंधन से छूटने के लिए महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रात को सोने से पहले जागने से लेकर सोने तक के कार्यों का अवलोकन कर आत्मनिरीक्षण करें। त्यागपूर्वक भोग के भाव से जीवन जियें और बुराइयों का त्याग करें। मेरठ से पधारे मधुर गायक पण्डित संदीप आर्य गिल ने ईश्वर प्रदत्त जीवन के लिए ईश्वर का धन्यवाद करने का आह्वान किया। गीत के माध्यम से उन्होंने बताया कि दे दिया मानव का जीवन मेहरबानी आपकी, श्रेष्ठ बुद्धि से नवाजा है।



**चरखी दादरी।** कार्यक्रम में उपस्थित युवावर्ग व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

### नशे में जीवन बर्बाद न करें

आर्यवीर दल के जिला संचालक स्वामी सच्चिदानंद सरस्वती ने नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि युवक ड्रग्ज एवं स्मैक का आदी बनकर जीवन को बर्बाद कर रहा है, हम पर्यावरण की शुद्धि के लिए यज्ञ को अपनाए। विख्यात भजनोपदेशक पंडित योगेश दत्त आर्य ने सुरीले कंठ से अविद्या आदि क्लेशों को दूर करने के उपाय बताएं। छिकारा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में महर्षि स्वामी दयानंद की शिक्षाओं को अपने आचरण में लाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर देवदत्त आर्य ने किया। दोपहर बाद के कार्यक्रम की अध्यक्षता तारीफ सिंह ने की। मुख्यतिथि के तौर पर पधारे दादरी के विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने महर्षि स्वामी दयानंद के समाज सुधार के कार्यों का वर्णन कर स्वामीजी को नमन किया।

# मॉडलों के माध्यम से दिखाई प्रतिभा

- डीआरपी भिवानी पब्लिक स्कूल में हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान सहित अनेक विषयों पर आधारित मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

डीआरपी भिवानी पब्लिक स्कूल में हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, आर्ट एंड क्राफ्ट व रोबोटिक सहित अनेक विषयों पर आधारित मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें स्कूल की डायरेक्टर आशा पाहुजा, सचिव पुलकित पाहुजा, पूनम गर्ग के अलावा बड़ी संख्या में अभिभावक पहुंचे। बच्चों की प्रतिभा की सभी ने खूब सराहना की। बच्चों ने अध्यापकों की गाइडेंस व अभिभावक की देखरेख में मॉडल बनाए। स्कूल प्रांगण में पहुंचे अभिभावकों ने बच्चों से मॉडलों से संबधित कई प्रश्न किये, जिसका उन्होंने बखूबी जवाब दिया। बच्चों ने संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, विशेषण, सोलर सिस्टम, एडजक्टिव, एरिया एंड पेरिमीटर डॉट्स गेम, टाइप्स ऑफ एंगल, क्लीनिंग रोबोट, लेजर सेक्युरिटी सिस्टम, जल व वायु प्रदूषण आदि के मॉडल को प्रदर्शित किया। रोबोटिक्स के बच्चों द्वारा दिखाए मॉडलों से सभी चकित थे।


**भिवानी।** प्रदर्शनी में मॉडल का अवलोकन करती डायरेक्टर व शिक्षक।

# रोहतास बने परशुराम अखाड़ा न्यास के प्रदेशाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

प्रयागराज महाकुंभ में निष्काम सेवाभाव से कार्य कर रहे दादरी निवासी रोहतास शर्मा को उनकी अद्वितीय सेवाओं के लिए भगवान परशुराम अखाड़ा न्यास द्वारा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अखाड़ा के महंत एवं श्री भगवान परशुराम धाम प्रतिष्ठान पूरी जूसी प्रयागराज उत्तर प्रदेश परशुरामा चार्य ब्रह्मऋषि बाबा सुदर्शन शरण महाराज ने उन्हें नियुक्ति प्रदान कर सम्मानित किया। गौरतलब है कि रोहतास शर्मा ने महाकुंभ में लगातार 40 दिनों तक विभिन्न सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति अभियान, जल संरक्षण, पॉलिथीन मुक्त भारत अभियान सहित कई महत्वपूर्ण कार्यों में सहयोग दिया। साथ ही महाकुंभ में आने वाले संतों की कुटिया में फॉगिंग मशीन के माध्यम से मच्छर मुक्ति अभियान चलाया, जिससे श्रद्धालुओं और संतों को राहत मिली। इस निःस्वार्थ सेवा भावना को देखते हुए भगवान परशुराम अखाड़ा न्यास ने उन्हें हरियाणा प्रांत का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करने का निर्णय लिया। बाबा सुदर्शन महाराज ने कहा कि रोहताश शर्मा का समर्पण और समाजसेवा के प्रति उनकी निष्ठा अनुकरणीय है।


**चरखी दादरी।** रोहताश शर्मा को सम्मानित करते गणमान्य नागरिक।

मैहड़ा के राजकीय उच्च विद्यालय में मेरा गांव नशामुक्त गांव अभियान चलाया

# एकाग्रता एवं स्मरण शक्ति को नष्ट करता है नशा

- आजकल युवाओं में बढ़ता नशे का शौक एक चिंता का कारण है आज का युवा कल का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

एकाग्रता एवं स्मरण शक्ति को नशा नष्ट करता है, जिसकारण परीक्षा के दिनों में छात्रों में तनाव पैदा होता है, ये बात प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की झोझूकलां-कादमा के तत्वावधान में मेरा भारत नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत मेरा गांव नशा मुक्त गांव अभियान द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय मैहड़ा व मंदौली गांव में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आजकल युवाओं में बढ़ता नशे का शौक एक चिंता का कारण है, क्योंकि आज का युवा कल का भविष्य है।


**चरखी दादरी।** विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाती बीके बहनें।

### नशा पल भर का मजा और जीवन भर की सजा

ब्रह्माकुमारी बहन ने स्मरण शक्ति एवं एकाग्रता बढ़ाने के लिए नियमित रूप से राजयोग का अभ्यास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मेडिटेशन एक ऐसी क्रिया है, जिससे मन शांतचित्त व आनंदमय होता है, जिससे हम कोई भी कार्य अध्ययन तनाव रहित होकर कर सकते हैं। झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने कहा कि नशा एक ऐसा शौक है जो कहा जाता है कि पल भर का मजा जीवन भर की सजा नशा चाहे किसी प्रकार का हो, जिससे हमारा तन मन धन समय संबंध सब खराब होते हैं जिसे समाज पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। ब्रह्माकुमारी बहन ने ग्रामीणों को कहा आज समाज में सबसे बड़ा नशा ताश का नशा है, जिससे हमारा समय इतना व्यर्थ जाता है, अगर इस समय का सही सद्गुपयोग कर समाज के उत्थान घर परिवार के कार्य में लगाएं तो हम समाज का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने सभी छात्रों को नशा न करने की और जीवन मूल्य धारण करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर राजकीय उच्च विद्यालय मैहड़ा के मुख्याध्यापक पवन ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान का ये नशा मुक्त अभियान एक श्रेष्ठ प्रयास है। इस मौके पर अध्यापक अनिल, सुनीता, कमला, टेकचंद, चंद्रभान, सूबेदार, रोहताश, दीपक व मनोज आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### नया बाजार फीडर सुबह सात बजे से रहेगा बंद

**भिवानी।** नया बाजार 11 हजार केवी फीडर 23 फरवरी रविवार को सुबह सात बजे से लेकर शाम तीन बजे तक बंद रहेगा। जेई पवन कुमार ने बताया कि तार बदलने के चलते 23 फरवरी रविवार को सुबह सात बजे से शाम तीन बजे तक नया बाजार फीडर 11 हजार केवी पूर्णरुप से बंद रहेगा। इस फीडर के अंतर्गत आने वाले रामनगर, चिरंजीवी कॉलोनी, बीटीएम चौक, जगत कॉलोनी, विजय नगर, हांसी चौक, नया बाजार फूलों का चौक व नया बाजार क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### निर्वाण दिवस पर 27 से श्रीमद्भागवत कथा

**बहल।** बाबा रतिगिरी महाराज के निर्वाण दिवस पर आयोजित फागुन महोत्सव के उपलक्ष्य में 27 फरवरी से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा के आयोजन से पूर्व बहल कस्बे में कलश यात्रा निकाली जाएगी। प्रसिद्ध कथाव्यास साध्वी गोशिका गिरी द्वारा कथा पाठ किया जाएगा। महंत विकास गिरी महाराज ने बताया कि श्रीअलख आश्रम द्वारा प्रयागराज में एक महीने से ज्यादा समय तक शिविर लगाया। शिविर समाप्ति पर निर्णय लिया कि पवित्र जल को श्रीमद्भागवत कथा के अवसर पर निकाली जाने वाली यात्रा के कलशों में भरा जाएगा। 27 फरवरी से शुरू होने वाली कथा पांच मार्च तक चलेगी। श्रीअलख आश्रम में आयोजित ज्ञान गंगा अमृत पाठ में दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक लोगों को आस्था से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम का फाइव स्टार चैनल पर लाइव प्रसारण होगा।

# बदलते मौसम की मार, सरसों पर जलेबिया रोग का वार


## पौधों की रुक जाती है बढ़वार, फूल से नहीं बन पाती फली, नए फूल भी नहीं आते


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मौसम में आए बदलाव का सीधा असर सरसों की फसल पर पड़ने लगा है। मौसम में आई गर्माहट से सरसों की फसल जलेबिया रोग की जकड़न में आ गई है। सरसों का फूल की फलियां न बन कर एक घुमावदार ठूठ बन रहा है। जिससे उस टहनी पर न तो फली बनती और न ही उस पर आगे फूल बन पा रहा। जिसकी वजह से सरसों के पौधे की बढवार भी पूरी तरह से रूक रही है। अगर यही सिलसिला रहा तो सरसों की फसल की औसतन पैदावार में जबरदस्त कमी आएगी। खासकर यह बीमारी सरसों की पछेती सरसों की फसल में ज्यादा है। बीमारी बढ़ता देख किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ झलकने लगी है।

### एक से दूसरे पौधे में फैलती बीमारी

जनवरी माह तक मौसम ठीक ठाक रहा। ठंड से सरसों की फसल में फुटाव बढ़ने लगा और फलियां भी बननी शुरू हो गई थी,लेकिन अब एकदम पारा बढ गया और दिन में गर्मी का अहसास होने लगा। जिसके बाद सरसों के पौधों पर आए फूल की जगह ठूठ सा बनने लगा। एक दो दिनों बाद यह ठूठ घुमावदार बन रहा है। उस पर सफेद रंग का पाऊडर भी बिखर रहा है। यह पाऊडर दूसरे पौधे पर गिरते ही उस पौधे को भी अपने आगोश में ले रहा है। सफेद पाऊडर की वजह से दूसरे पौधे के फूल खतम हो रहे है। यह बीमारी एक पौधे से दूसरे पौधे में फैल रही है। देखते देखते यह बीमारी पूरे खेत को अपने आगोश में ले रही है। यह बीमारी सबसे ज्यादा पछेती सरसों की फसल में ज्यादा है। हालांकि अगेती सरसों की फसल में फूल के बाद फलियां बन चुकी है,लेकिन अभी पछेती सरसों की फसल में फूल से फलिया बनने की बजाए ठूठ सा बनता जा रहा है। जिससे औसतन पैदावार पर प्रभाव पड़ेगा।





### धुंध पछेती सरसों की फसल के लिए नुकसानदायक

वैसे तो इस मौसम में ठंड रहनी चाहिए। अगर धुंध गिरती और उसके बाद दिनभर चटक धूप खिलेगी तो इस तरह का मौसम सबसे खतरनाक होगा। सरसों के फूल में धुंध या ओस का पानी ठहरेगा तो उस पानी से ही चेपा बनने के आसार बन जाते है। इस तरह का मौसम दो से तीन दिनों तक रह गया तो चेपा के आने का खतरा बढ जाएगा। अगर एक बार सरसों की फसल में चेपा आ गया तो उससे कीटनाशक दवाई का छिड़काव से ही छुटकारा पाया जा सकता है। फिलहाल पल पल बदल रहा मौसम किसानों के लिए चिंता का सबब बना हुआ है।

# शिविर में किया करीब 50 युवाओं ने रक्तदान

■ बाबा नागा मेले में रक्तदान शिविर एवं मेडिकल कैंप का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बाबा नागा मेले में पंडित खुशीराम जनसेवा ट्रस्ट झरवाई और गुगनराम सोसायटी रजिस्टर्ड बोहल के संयुक्त तत्वावधान में गांव नवां राजगढ़ के ग्रामीणों तथा मेला कमेटी के सहयोग से भव्य रक्तदान शिविर एवं मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस आयोजन में वैद्य हर्ष भाटी भिवानी के नेतृत्व में उनकी टीम ने लगभग 150 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। उन्होंने मरीजों को परामर्श दिया कि वह आहार निद्रा और आनंद के नियमो का पालन कर अपने जीवन को खुशनुमा बनाएं। कैंप में गांव के बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने विशेष रूप से हिस्सा लिया।

इस दौरान आयोजित रक्तदान शिविर में करीब 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए संजीवनी साबित होगा। शिविर में मौजूद चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने रक्तदाताओं की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया और उनके स्वास्थ्य की देखभाल सुनिश्चित की। सभी ने आयोजन की सराहना की और भविष्य में ऐसे सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। ट्रस्ट के सचिव शशि कुमार और गुगनराम सोसायटी के सचिव डॉ. नरेश सिहाग एडवोकेट ने कहा कि रक्तदान व स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने को ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है। आयोजन समाजसेवा और मानवता की सच्ची भावना का प्रतीक बना, जिसमें सभी ने एक साथ मिलकर जरूरतमंदों की सेवा की और स्वस्थ समाज की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया।

रइस अवसर पर गांव नवा और राजेगढ़ के सरपंचों, स्कूल स्टाफ, गणमान्य व्यक्तियों एवं मेला कमेटी के सदस्यों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई।

## तलोट में तीन मार्च से लगेगा भंडारा

**चरखी दादरी।** चरखी दादरी के श्रीग्वाला सेवा दल ट्रस्ट की ओर से हर वर्ष की भांति श्रीश्याम फाल्गुन महोत्सव मेले के उपलक्ष्य में नारनौल के समीप गांव तलोट में 10वे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रीग्वाला सेवा दल ट्रस्ट से नरसी सैनी व राजेश सोनी ने बताया कि फाल्गुन मेले के अवसर पर हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु राजस्थान के सीकर जिले स्थित श्रीखाटू श्याम मंदिर में पूजा करने जाते हैं, इनमें काफी संख्या में श्रद्धालु पैदल यात्रा कर खाटू धाम तक पहुंचते हैं, उन्हीं श्रद्धालुओं की सेवा के लिए सेवादल द्वारा गांव तलोट में 3 से 7 मार्च तक 10वां विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। भंडारे में पैदल यात्रियों के ठरहने की व्यवस्था, मेडिकल सुविधा आदि निःशुल्क रहती है, जिसमें समस्त चरखी दादरी का सहयोग विशेष सहयोग रहता है।



## नशीले पदार्थ सहित एक युवक को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दादरी पुलिस ने एक युवक को गांजा सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को सीआईए स्टाफ टीम गश्त के दौरान गांव कादमा बस अड्डा पर मौजूद थी। उसी समय टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति सतनाली व कादमा के आस-पास के नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है, जो कुछ देर बाद अपनी स्कूटी पर नशीला पदार्थ लेकर गांव सुहड़ी जिला महेन्द्रगढ से कादमा की तरफ आएगा, जिस सूचना पर तुरंत नाकाबंदी कर टीम ने उस व्यक्ति का इंतजार किया, कुछ समय बाद एक व्यक्ति काले रंग की स्कूटी पर सवार होकर कादमा की तरफ आता दिखाई दिया। सूचना अनुसार शक होने पर टीम ने उसे काबू कर लिया। स्कूटी की तलाशी लेने पर डिग्गी में रखी काले रंग की पॉलीथिन में 1 किलो 50 ग्राम गांजा बरामद हुआ। एएसआई रणबीर ने बताया कि आरोपी की पहचान महेंद्रगढ़ जिले के गांव सुहड़ी के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया।

## प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे पीठासीन अफसरों पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त

**भिवानी।** उपायुक्त कम जिला निर्वाचन अधिकारी महावीर कौशिक ने पंचायत भवन के सभागार में जारी पीठासीन अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण में गैर हाजिर रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि जिला में जारी बवानीखेड़ा, सिवानी और लोहारू में नगर पालिकाओं के चुनाव प्रक्रिया के तहत पीठासीन अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम गत वीरवार को आयोजित किया गया था। वीरवार को प्रशिक्षण के दिन पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए बुलाया गया था। लेकिन इस दौरान प्रशिक्षण में कई अधिकारी गैर हाजिर रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पीठासीन अधिकारियों के इस गैर जिम्मेदाराना आचरण से नाराजगी ज़ाहिर करते हुए कहा कि 02 मार्च तक किसी भी अधिकारी अथवा कर्मचारी के लिए चुनाव से महत्वपूर्ण कोई कार्य नही है। मतदान केंद्र पर चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने की सारी जिम्मेदारी पीठासीन अधिकारी की होती है।

# रितु मोर का ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

पिछली 29 जनवरी से 6 फरवरी तक हल्द्वानी में हुए राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में हरियाणा ने उड़ीसा को कड़े मुकाबले में फाइनल में पेनल्टी सूट आउट मुकाबले में 4- 2 से हराकर फाइनल मुकाबला जीता। इसमें हरियाणा की टीम में बास बादशाह पूर निवासी रितु मोर ने अपनी अहम भूमिका निभाई। जानकारी अनुसार अपने मामा अलखपुरा निवासी सोमदत्त के यहां पिछले 15 सालों से रहकर अलखपुरा के फुटबॉल के मैदान में अभ्यास करती रही है इसी के चलते इन्होंने आज अपना प्रदर्शन कर हरियाणा को गोल्ड मेडल दिलाया।



**बवानीखेड़ा।** पदक विजेता रितू मोर का स्वागत जुलूस निकालते हुए।

जानकारी देते हुए पिता जगबीर मोर वह माता कांता देवी ने बताया कि वह पिछले 15 सालों से अपने मांमा के घर रहकर लगातार अभ्यास करती रही है। जिसके चलते आज यह इस मुकाम पर पहुंची है। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने इनका जोरदार स्वागत किया।

वहीं दूसरी ओर बधाई देने वालों में सरपंच सूजान मोर, धूप सिंह, जापान ,सतबीर मोर, मास्टर जय भगवान ,दलबीर सिंह व उम्मेद सिंह आदि ने ऋतु के उज्वल भविष्य की कामना की है।

# बोर्ड परीक्षाओं को लेकर निषेधाज्ञा के आदेश जारी : जिलाधीश

**भिवानी।** जिलाधीश महावीर कौशिक ने केंद्रीय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित सैकंडरी व सीनियर सेकंडरी परीक्षाओं को नकल रहित करवाने तथा इसके सफल आयोजन के लिए जिला में 4 अप्रैल तक निषेधाज्ञा लागू की है। जिलाधीश महावीर कौशिक ने जिले में बने परीक्षा केंद्रों पर धारा 163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा के आदेश पारित किए गए हैं। आदेशों में बताया गया है कि देश व प्रदेश के 7842 से अधिक परीक्षा केन्द्रों पर लगभग 42 लाख परीक्षार्थी की परीक्षा होंगी। सैकेण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी परीक्षाएं नकल रहित करवाने के लिए 4 अप्रैल 2025 तक धारा 163 लागू की हैं। जिलाधीश ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला के अंतर्गत आने वाले सभी परीक्षा केन्द्रों के अन्दर पाबन्दी हेतू आदेश पारित किये हैं। उपरोक्त परीक्षा के दौरान जिला भिवानी के सभी परीक्षा केन्द्रो के 200 मीटर के दायरे में लाठी, डण्डा, जेली और किसी भी प्रकार के घातक हथियार लेकर जाना वर्जित है। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश वर्जित है। परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में स्थित सभी फोटोस्टेट दुकानों का संचालन वर्जित है।



### रक्तदाताओं को किया सम्मानित

**बवानीखेड़ा।** ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और सब का मनोबल बढ़ाया और लगभग 50 यूनिट के करीब ब्लड डोनेशन दिया गया और हमारी टीम बहुत खुश होकर गई और आगे भी आशा करते हैं। इसी तरीके का ब्लड डोनेशन कैंप लगाते रहेंगे और भविष्य में युवा आगे बढ़कर खून डोनेट करते रहेंगे। प्रतिगा सेवा समिति की तरफ़ से सभी सदस्यों और लोगों को धन्यवाद ।

## अज्ञात वाहन ने पीछे से मारी टक्कर, बाइक चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

चैहड़खुर्द निवासी व्यक्ति को बहल से चैहड़खुर्द बाइक पर जाते समय अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक चालक बाइक सहित सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालत में परिजन उसे लोहारू सीएचसी लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में चैहड़खुर्द निवासी जितेन्द्र ने बताया कि उसका चाचा रामकिशन शुक्रवार को दोपहर बहल से बाइक पर सवार होकर चैहड़खुर्द गांव में आ रहे थे, जब वे सिरसी और चैहड़खुर्द के बीच पहुंचे तो पीछे से तेज रफ्तार आ रही गाड़ी ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रामकिशन बाइक सहित सड़क पर जा गिरे। सड़क पर गिरने से रामकिशन को गंभीर चोटें आई और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर वे उन्हें लोहारू अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

पोस्टल असिस्टेंट से लूट मामले में खुलासा, दो गिरफ्तार

# सहकर्मी ने रची थी लूट की साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

तीन दिन पहले हालू बाजार इलाके में पोस्टल असिस्टेंट पर पिस्तौल तानकर लूट के असफल प्रयास के तीन आरोपी पुलिस की सीआईए-2 के हत्थे चढ गए। पुलिस ने आरोपियों द्वारा घटना के वक्त प्रयोग की गई बाइक भी बरामद कर ली। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

पुलिस की सीआईए-2 ने ढाणा रोड पुल के पास से दो युवकों को पकड़ा। जिनकी अनिल व अंकित निवासी राजगढ के रूप में पहचान हुई। पूछताछ के दौरान इस घटना की साजिश रचने वाला तीसरे आरोपी की भी जानकारी मिली। जिसके चलते पुलिस ने तीसरे आरोपी कर्मबीर महेंद्रगढ को भी पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों में कर्मबीर व अनिल ममेरे-फुफेरे है,जबकि अंकित अनिल का दोस्त है। तीनों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने पूछताछ आरंभ कर दी। पुलिस ने घटना के वक्त जिस बाइक पर सवार होकर घटना को अंजाम दिया था। वह बाइक भी बरामद की। पुलिस का तर्क है कि अभी आरोपियों से पिस्तौल भी बरामद करवाई जानी है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ जारी है।



भिवानी। पुलिस हिरासत में असफल लूट के आरोपी।

### उसी ब्रांच में तैनात था

पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि महेंद्रगढ निवासी कर्मबीर भी भिवानी की इसी ब्रांच में तैनात है। उसको यह जानकारी थी कि पोस्टल असिस्टेंट मंदीप बैग मे कैश लेकर आएगा। उसके कार्यालय पहुंचते ही बैग छीनने की घटना को अंजाम दिया जाएगा। इस सारी साजिश की पृष्ठभूमि कर्मबीर ने तैयार की थी। कर्मबीर ने ही अपने फुफेरे भाई अनिल को इस कार्य के लिए तैयार किया तथा अनिल ने अपने दोस्त अंकित को इस कार्य के लिए तैयार किया। हालांकि अनिल व अंकित बेरोजगार है तथा कर्मबीर भिवानी में ही ग्राम डाक सेवक के पद पर तैनात है। आरोपियों ने सुबह का वक्त इसलिए तय किया था कि उस वक्त डाक खाने में बाहरी लोग नहीं होते। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी कर्मबीर से पूछताछ बताया कि वह डाकघर हालू बाजार में तैनात है और मनजीत के साथ ही सीट पर बैठता है अभी वह डाकघर में पक्का नहीं हुआ था जो उसे प्रतिमाह सैलेरी मात्र 13,000 रुपये ही मिलती थी जो आरोपी के द्वारा थोड़े समय में अधिक पैसे कमाने के चक्कर में उसने गांव राजगढ़ में अपने दो अन्य साथी अनिल व अंकित के साथ रुपये लूटने की योजना बनाई थी। विगत में हालू बाजार में सुबह डाक घर में कर्मचारी पहुंचा। कर्मचारी कुछ समझ पाता कि इससे पहले वहां पर दो नकाबपोश युवक पहुंचे और उसका बैग छीनने लगे। कर्मचारी ने बैग नहीं दिया और बाहर की तरफ भागने लगा। आरोपी भी उसके पीछे पीछे भागने लगे। इस दौरान आरोपियों में से एक आरोपी ने कर्मचारी पर फायर करने का प्रयास किया,लेकिन वह सफल नहीं हो पाया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए। बाद में कर्मचारी ने इस बारे में पुलिस में शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दिया।

जय हिन्द आयुर्वेद एवं इलेक्ट्रो होम्योपैथी
भिवानी का पहला हेल्थ केयर जहां नाड़ी डिजिटल मशीन से देख कर रिपोर्ट कार्ड साथ दिया जाता है ताकि उचित इलाज किया जा सके।
- जैसे गाड़ी की सर्विस करवाते हो वैसे ही अपनी बॉडी की सर्विस करवाए ताकि बीमारी पास ही न आए।
- अपनी बीमारी को दबाए नहीं जड़ से ठीक करवाए।
- लीपोमा की गांठ बिना ऑपरेशन इलाज।
- पीत पथरी, किडनी की पथरी,पेट की सभी बीमारी का इलाज।
- शुगर का इलाज,बवासीर और भगंदर का इलाज।
- औरतों की सभी बीमारी का इलाज।
- एक ही जगह सभी थैरपी फिजियो थैरपी, नाचरोथर्पी (मिट्टी पानी से इलाज), एक्यूप्रेशर थैरपी,कप थैरपी, योगा थैरपी, और बिना किसी साइड इफेक्ट के इलेक्ट्रो होम्योपैथी से सभी बीमारी का इलाज।
- सभी थेरेपी का डिप्लोमा और अनुभवी डॉक्टर द्वारा ट्रेनिंग दी जाती है।
- अपने बॉस खुद बने और बेरोजगारी से मुक्ति पाए महीने का 30/50 हजार कमाए खुद थेरेपिस्ट बने।

Dr. Krishan Singh
(Naturopath) (रिटायर्ड फौजी)
BEMS, DNYS (MD), D.Ay.A, D.ma.T, D.Ay, D.P.K., DPT
मकान न. 4, पटेल नगर, सीआईडी ऑफिस के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र: 6005452863